# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

### बुधवार, दिनांक 12 मार्च, 2008

### तारांकित प्रश्नोत्तर

रायगढ़ जिले में कोयला उत्खनन हेतु आवंटित भूमि एवं प्राप्त राजस्व

1. ( *क्र. 1684) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में किन-किन उद्योगों को कोयला उत्खनन हेतु किन-किन शर्तों पर कितनी-कितनी भूमि का आवंटन कब-कब किया गया है ? (ख) आवंटित खदानों से किस ग्रेड का कोयला उत्पादन होता है एवं प्रश्नांकित अवधि में कितनी राशि राजस्व रायल्टी के रूप में प्राप्त हो रही है ? इकाईवार उत्पादन एवं प्राप्त रायल्टी की जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जिला रायगढ़ में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में किसी भी उद्योग को खनिज कोयला खनन हेतु मायनिंग लीज की स्वीकृति नहीं दी गई है, अतः भूमि आवंटन की स्थिति निर्मित नहीं हुई है. (ख) प्रश्नांश (क) के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

बायोडीजल उत्पादन एवं उस पर व्यय राशि

2. ( *क्र. 1735) **मोहम्मद अकबर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004 से 2007 तक वर्षवार तथा माह जनवरी एवं फरवरी में कुल कितना-कितना बायोडीजल का उत्पादन किन-किन संयंत्रों से हुआ है ? (ख) उक्त उत्पादन हेतु वर्षवार एवं संयंत्रवार कुल कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) प्रदेश में अगस्त 2005 में स्थापित एकमात्र बायोडीजल प्रदर्शन संयंत्र से वर्ष 2005, वर्ष 2006, वर्ष 2007 तथा माह जनवरी 2008 एवं फरवरी 2008 में उत्पादित बायोडीजल की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) उक्त उत्पादन हेतु वर्षवार व्यय की गई राशि की जानकारी भी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

जिला जांजगीर-चांपा में शालाओं का उन्नयन

3. ( *क्र. 212) **श्री नोवेल कुमार वर्मा** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जांजगीर-चांपा जिले में वित्तीय वर्ष 2007-08 में कितने हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी में, कितने माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में एवं कितने प्राथमिक शाला का माध्यमिक शाला में उन्नयन किया गया है ? उन्नयित शाला का नाम, विकासखण्डवार बतावें ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : जिला जांजगीर-चांपा में वित्तीय वर्ष 2007-08 में उन्नयन किये गये शालाओं की संख्या विकासखण्डवार एवं स्तरवार निम्नांकित है :—

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | उन्नयित शाला का प्रकार | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हाई से हायर सेके. स्कूल में उन्नयन | पू. मा. शाला से हाई स्कूल में उन्नयन | प्रा.शा. से पू. मा. शाला में उन्नयन | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | अकलतरा | 1 | 0 | 10 | 11 |

† परिशिष्ट "एक"

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | बलौदा | 1 | 1 | 7 | 9 |
| 3. | बम्हनीडीह | 1 | 0 | 14 | 15 |
| 4. | डभरा | 0 | 1 | 15 | 16 |
| 5. | जैजेपुर | 1 | 9 | 8 | 18 |
| 6. | मालखरौदा | 1 | 4 | 6 | 11 |
| 7. | नवागढ़ | 1 | 0 | 9 | 10 |
| 8. | पामगढ़ | 0 | 0 | 8 | 8 |
| 9. | सक्ती | 3 | 3 | 8 | 14 |

विकासखण्डवार शालाओं की सूची परिशिष्ट पर † संलग्न है.

## प्रदेश में उद्योगों को आवंटित कोल ब्लॉक्स

4. (*क्र. 1459) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के बाद से 12-2-2008 तक कितने उद्योगों को कोल ब्लॉक्स आवंटित किये जा चुके हैं ? उद्योग एवं कोल ब्लॉक्स के नाम बतावें. (ख) कितने उद्योगों द्वारा आवंटित कोल ब्लॉक्स पर खनन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर दर्शित है. (ख) छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के बाद जिन कंपनियों (उद्योगों) को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के द्वारा कोल ब्लाक आवंटित किए गये हैं, उनमें से मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने उन्हें आवंटित चोटिया ब्लाक नं. 1 एवं 2 में दिनांक 30-4-2006 से खनन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है.

## जिला जशपुर में रतनजोत पौध रोपण की जानकारी

5. (*क्र. 1206) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-2006 एवं 2006-2007 में जशपुर जिले में कितने हेक्टेयर भूमि पर रतनजोत के पौधे रोपित किये गये ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) कंडिका "क" में वर्णित रतनजोत के कितने-कितने पौधे सुरक्षित हैं ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जशपुर जिले में वर्ष 2005-2006 एवं वर्ष 2006-2007 में क्रमशः लगभग 269.3 हेक्टेयर एवं 1591.550 हेक्टेयर भूमि पर रतनजोत पौधे रोपित किये गये. विकासखण्डवार जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) प्रश्नांश (क) के उत्तर में वर्णित रतनजोत पौध रोपित क्षेत्र में विकासखण्डवार सुरक्षित पौधों की जानकारी भी ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

## विकासखण्ड अंबिकापुर एवं सूरजपुर में रोजगार गारन्टी योजनांतर्गत स्वीकृत कार्य

6. (*क्र. 562) **श्री अमरजीत भगत :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अंबिकापुर एवं सूरजपुर में विभागीय मद (रोजगार गारण्टी योजना) अंतर्गत वर्ष 2007-08 में कुल कितनी सड़क, पुल-पुलियां एवं स्टापडैम, भवन का कार्य स्वीकृत किया गया तथा कितने मजदूरों को कितने कार्य दिवस का काम उपलब्ध कराया गया ? (ख) पुल-पुलिया एवं स्टापडैम के कार्य में सीमेंट किस-किस एजेंसी से, किस दर पर क्रय की गयी ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना अंतर्गत वर्ष 2007-08 में स्वीकृत कार्यों की जानकारी निम्नानुसार है :—

| स.क्र. | कार्य का नाम | विकासखण्ड-अंबिकापुर संख्या | विकासखण्ड-सूरजपुर संख्या |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | सड़क निर्माण | 15 | 47 |

† परिशिष्ट "दो"          †† परिशिष्ट "तीन"          ‡ परिशिष्ट "चार"

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 2. | स्टॉपडैम निर्माण | 29 | 16 |
| 3. | भवन निर्माण | – | – |
| 4. | पुल-पुलिया निर्माण | – | 07 |
| | योग | 44 | 70 |

विकासखण्ड अंबिकापुर में उपरोक्त निर्माण कार्यों में 2818 मजदूरों को 19032 कार्य दिवस का काम उपलब्ध कराया गया है. विकासखण्ड सूरजपुर में उपरोक्त निर्माण कार्यों में 4978 मजदूरों को 33023 कार्य दिवस का काम उपलब्ध कराया गया है. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

## बालोद विधान सभा क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन व्यवस्था

7. (*क्र. 1819) **श्री प्रीतम साहू** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के बालोद विधान सभा क्षेत्र में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) कौन-कौन से ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है ? कब तक भवन निर्माण किया जावेगा ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) दुर्ग जिले के बालोद विधान सभा क्षेत्र में 281 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है. विकासखंडवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखंड का नाम | समेकित बाल विकास परियोजना में कुल स्वीकृत केन्द्र | बालोद विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत केन्द्र | बालोद विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत संचालित केन्द्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बालोद | 131 | 131 | 120 |
| 2. | गुरूर | 158 | 158 | 158 |
| 3. | डौण्डी | 191 | 03 | 03 |
| | योग | 480 | 292 | 281 |

(ख) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

## विकासखण्ड कार्यालय नवागढ़ को नवागढ़ में संचालित करने बाबत

8. (*क्र. 1189) **महन्त रामसुन्दर दास** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्ड नवागढ़ का कार्यालय वर्तमान में जांजगीर में संचालित है ? (ख) यदि हां तो, क्यों एवं विकासखण्ड नवागढ़ के कार्यालय को नवागढ़ में कब तक प्रारंभ कर दिया जावेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) जी हां. (ख) क्योंकि विकासखण्ड स्थापना अवधि से ही विकासखण्ड का कार्यालय भवन, आवास भवन एवं कार्यालयीन सभी अधोसंरचना नवागढ़ के स्थान पर जांजगीर में स्थापित किये गये हैं, जो निरंतरता में संचालित है. यथाशीघ्र.

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छः"

बिन्द्रानवागढ़ विधान सभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन व्यवस्था

9. ( *क्र. 1406) **श्री ओंकार शाह :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है ? (ख) कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है, कितने किराये के या अन्य भवनों में संचालित है ? (ग) भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण कब तक कराये जावेंगे ? (घ) आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को क्या-क्या सुविधाएं/सामग्रियां किस मान से प्रदान की जाती है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी ) : (क) विधान सभा क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ में कुल 471 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है. (ख) 233 आंगनबाड़ी केन्द्रों के स्वयं के भवन स्वीकृत हैं. शेष 238 के भवन स्वीकृत नहीं है. वर्तमान में 163 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किराए के भवन में एवं 140 का संचालन ग्राम पंचायत या समुदाय द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराए गए भवनों में किया जा रहा है. 168 केन्द्र स्वयं के भवन में संचालित हो रहे हैं. (ग) निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है. (घ) आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा तथा संदर्भ सेवाओं की सुविधा दी जाती है. इसके साथ ही † संलग्न परिशिष्ट में उल्लेखित मान से पूरक पोषण आहार प्रदाय किया जाता है.

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एन.जी.ओ. को प्रदत्त कार्य

10. ( *क्र. 402) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एन.जी.ओ. को कौन-कौन से कार्य प्रदान किये जाते हैं ? (ख) दुर्ग जिले में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में किन-किन एन.जी.ओ. को किस-किस कार्य के लिये कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी ) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

जिला कांकेर स्थित भैंसाकन्हार के लौह अयस्क पट्टेदार को अनापत्ति प्राप्त करने हेतु प्रदत्त नोटिस

11. ( *क्र. 1445) **श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला कांकेर स्थित भैंसाकन्हार के लौह अयस्क पट्टेदार को वन संरक्षण अधिनियम, 1980 एवं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत अनापत्ति प्राप्त करने हेतु दिनांक 15-7-2005 को नोटिस दी गई थी ? (ख) यदि हां, तो क्या अनापत्तियां प्राप्त नहीं करने के कारण उक्त पट्टेदार का पट्टा निरस्त कर दिया गया है ? (ग) यदि हां, तो क्या उक्त पट्टा निरस्तीकरण आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत भी अनापत्ति प्राप्त नहीं करने के कारण उक्त पट्टा निरस्त किया गया है ? (घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) से (घ) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष मद से स्वीकृत एवं व्यय राशि

12. ( *क्र. 536) **श्री बोधराम कंवर :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कोरबा जिले को पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष मद में भारत सरकार से दिनांक 31-1-2008 तक कुल कितनी राशि उपलब्ध कराई गई है तथा दिनांक 31-1-2008 तक कुल कितनी राशि किन-किन कार्यों हेतु व्यय की गई ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : कोरबा जिले को पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष मद से भारत सरकार से दिनांक 31-1-2008 तक कुल 1404.20 लाख रु. उपलब्ध कराया गया है. दिनांक 31-1-2008 तक कुल व्यय की गई राशि 416.25 लाख रु. है. कार्यवार व्यय विवरण ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

† परिशिष्ट "सात" †† परिशिष्ट "आठ" ‡ परिशिष्ट "नौ"

प्रदेश में रतनजोत पौध रोपण की लागत

13. ( *क्र. 1652) **सुश्री कामदा जोल्हे :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2005-06 व 2006-07 में कितने रतनजोत के पौधे कितनी लागत से लगवाये गये थे ? कृपया वर्षवार बतावें ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : प्रदेश में वर्ष 2005-06 में 329.4187 लाख रतनजोत के पौधे राशि रुपये 2423.84523 लाख की लागत से तथा वर्ष 2006-07 में 984.18618 लाख रतनजोत के पौधे राशि रुपये 7002.97419 लाख की लागत से लगाये गये थे.

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं भारत निर्माण योजना के तहत स्वीकृत सड़कें

14. ( *क्र. 88) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 से 2007-08 तक बिल्हा विधान सभा क्षेत्र की किन-किन सड़कों की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं भारत निर्माण योजना के तहत प्रदान की गई है ? (ख) प्रश्नांश "क" में वर्णित सड़कों में किन-किन सड़कों के निर्माण हेतु निविदाएं आमंत्रित नहीं की गई है ? निविदाएं कब तक आमंत्रित की जावेगी ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) प्रश्नांश "क" में वर्णित सभी सड़कों की निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी है.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कें

15. ( *क्र. 1310) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 01 जनवरी, 2004 से 31 दिसंबर, 2007 तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत कितनी सड़कों की स्वीकृति दी गई है ? मार्ग की दूरी एवं लागत राशि सहित जानकारी देवें ? (ख) समयावधि में कितनी सड़कें पूर्ण हो गई है ? कितनी अपूर्ण है ? अपूर्ण सड़कें कब तक पूर्ण की जावेगी ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर) : (क) 25 सड़कें. लंबाई एवं लागत की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) एक भी नहीं. 25 सड़कों में से 5 पूर्ण, 20 अपूर्ण. जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट के कॉलम-6 में दर्शित है.

लौह अयस्क एवं कोयले की खदानों हेतु की गई अनुशंसाएं

16. ( *क्र. 1736) **मोहम्मद अकबर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 2007 में जिन औद्योगिक इकाईयों के एम.ओ.यू. निरस्त किये गये हैं उनमें किनके-किनके पक्ष में कहां-कहां के कितने-कितने क्षेत्र के लौह अयस्क एवं कोयले की खदानों के कौन-कौन सी अनुशंसाएं कब-कब भारत सरकार से की गई है ? (ख) उक्त प्रकरणों की अलग-अलग अद्यतन स्थिति क्या है ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

दुर्ग जिले में जलग्रहण मिशन अंतर्गत संचालित वाटर शेड योजना

17. ( *क्र. 943) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि दुर्ग जिले में जलग्रहण मिशन कार्यक्रम अंतर्गत कितनी वाटर शेड योजना संचालित है ? वाटर शेड योजना का नाम, विकासखण्ड का नाम, प्रारंभ करने की तिथि, स्वीकृत राशि, कार्य की पूर्णता दिनांक, लागत राशि की जानकारी देवें ?

† परिशिष्ट "दस" †† परिशिष्ट "ग्यारह"

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) : **सूखा उन्मुख क्षेत्र कार्यक्रम** (डी.पी.ए.पी.) अंतर्गत 14 परियोजनाएं तथा समेकित बंजर भूमि विकास कार्यक्रम ( आई.डब्ल्यू.डी.पी. ) अंतर्गत 10 परियोजनाएं संचालित है. परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

एकलबत्ती कनेक्शन हेतु लंबित प्रकरणों का निराकरण

18. ( *क्र. 1218) **श्री रामपुकार सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2005-2006 से 31-12-2007 तक कितने एकल बत्ती कनेक्शन के प्रकरण की स्वीकृति दी गई ? कितने आवेदन लंबित है? विकासखंडवार बतायें ? (ख) लंबित हितग्राहियों को एकल बत्ती कनेक्शन कब तक प्रदान किया जायेगा ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2005-2006 से अर्थात् दिनांक 1-4-2005 से दिनांक 31-12-2007 तक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा 1459 एकल बत्ती कनेक्शन के प्रकरणों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 1440 प्रकरण पत्थलगांव विकासखण्ड के एवं शेष 19 प्रकरण धर्मजयगढ़ विकासखण्ड के हैं. एकल बत्ती कनेक्शन दिये जाने हेतु कोई आवेदन लंबित नहीं है. (ख) प्रश्नांश (क) के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

रावघाट आयरन ओर डिपाजिट के ब्लॉक "ए" से "ई" के संबंध में

19. ( *क्र. 1575) **श्री भूपेश बघेल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या रावघाट आयरन ओर डिपाजिट के ब्लॉक "ए" से "ई" के बाबत शासन द्वारा 31 जनवरी, 2007 को पारित आदेश को खान न्यायाधिकरण द्वारा अपास्त किया गया है ? (ख) यदि हां, तो किस आवेदक की याचिका पर उक्त आदेश पारित किया गया है ? (ग) याचिकाकर्ता के पक्ष में अद्यतन दिनांक 14-2-2008 तक राज्य में कितनी खनि रियायतें स्वीकृत है ? स्वीकृति हेतु प्रचलन में है ? इन सभी को मिलाकर उनमें निश्चित/संभावित कितनी मात्रा में लौह अयस्क उपलब्ध है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जी हां. (ख) मेसर्स जायसवाल्स निको लिमिटेड, रायपुर. (ग) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत विद्युतीकरण कार्य

20. ( *क्र. 1311) **श्री लच्छूराम कश्यप** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी 2004 से 31 दिसम्बर, 2007 की समयावधि में कितने गांवों के पारों/मजरों/टोलों एवं मोहल्लों में विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है ? (ख) प्रश्नांक "क" की समयावधि में कितने विद्युतीकरण कार्य पूर्ण एवं अपूर्ण है ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण किये जावेंगे ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 1 जनवरी 2004 से 31 दिसम्बर 2007 की समयावधि में 50 गांवों के 145 पारों/मजरों/टोलों/मुहल्लों में विद्युतीकरण के कार्य स्वीकृत किये गये हैं. (ख) प्रश्नांश (क) की समयावधि में 137 पारों/मजरों/टोलों/मुहल्लों में विद्युतीकरण के कार्य पूर्ण किये गये हैं तथा 8 पारों/मजरों/टोलों/मुहल्लों के कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं.

---------

† परिशिष्ट "बारह" †† परिशिष्ट "तेरह"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 1735) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**प्रदेश में अगस्त 2005 में स्थापित एकमात्र बायोडीजल प्रदर्शन संयंत्र से उत्पादित बायोडीजल तथा व्यय की गई राशि की जानकारी**

| अवधि (1) | उत्पादित बायोडीजल (लीटर में) (2) | बायोडीजल उत्पादन पर व्यय की गई राशि रुपये (3) |
|---|---|---|
| वर्ष 2004 | निरंक | निरंक |
| जनवरी 2005 से जुलाई 2005 | निरंक | निरंक |
| अगस्त 2005 से दिसंबर 2005 | 4228 | 136987.20 |
| वर्ष 2006 | 8768.9 | 284112.00 |
| वर्ष 2007 | 3237 | 104878.80 |
| जनवरी 2008 | 260 | 7967.45 |
| फरवरी 2008 | 527 | 15708.40 |
| **योग** | **17,020.90** | **5,49,653.85** |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 212) की जानकारी ]

**वित्तीय वर्ष 2007-08 में उन्नयित शालाओं की विकासखण्डवार सूची**

**हाई से हायर सेकेण्डरी शालाओं में उन्नयित शालाओं के नाम—**

| क्रमांक (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | उन्नयित शाला का नाम (3) |
|---|---|---|
| 1. | अकलतरा | शासकीय बालक हाईस्कूल अकलतरा |
| 2. | बलौदा | शासकीय हाईस्कूल महुदा |
| 3. | बम्हनीडीह | शासकीय हाईस्कूल बम्हनीडीह |
| 4. | जैजैपुर | शासकीय हाईस्कूल कन्या हसौद |
| 5. | मालखरौदा | शासकीय हाईस्कूल नरियरा |
| 6. | नवागढ़ | शासकीय हाईस्कूल अमोरा |
| 7. | सक्ती | शासकीय हाईस्कूल जाजंग |
| 8. | सक्ती | शासकीय हाईस्कूल मसनियाकला |
| 9. | सक्ती | शासकीय हाईस्कूल रगजा |

उन्नयित शालाओं के नाम—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बलौदा | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरी |
| 2. | डभरा | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या कोटमी |
| 3. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जमड़ी |
| 4. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मलनी |
| 5. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिथरा |
| 6. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला किकिरदा |
| 7. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुटराबोड़ |
| 8. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेन्दुरस |
| 9. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटेतरा |
| 10. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुक्ता |
| 11. | जैजैपुर | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हांसीडीह (हसौद) |
| 12. | मालखरौदा | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या अड़भार |
| 13. | मालखरौदा | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़े सीपत |
| 14. | मालखरौदा | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिहरीद |
| 15. | मालखरौदा | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़े रबेली |
| 16. | सक्ती | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी (सक्ती) |
| 17. | सक्ती | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदाखुर्द |
| 18. | सक्ती | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सकरेली (बाराद्वार) |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 1459) के भाग (क) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पश्चात् दिनांक 12-02-2008 तक भारत सरकार, कोयला मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक कंपनी ( उद्योग ) को राज्य के आवंटित कोल ब्लाक्स की जानकारी**

| स. क्र. | कोल ब्लाक का नाम | कोयला मंत्रालय के आवंटन आदेश का दिनांक | भारत सरकार कोयला मंत्रालय द्वारा जिस उद्योग (कम्पनी) को कोल ब्लाक आवंटित किया गया, का नाम |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | ताराकोल ब्लाक | 14 अगस्त, 2003 | छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर. |
| 2. | गिधमुरी (हसदेव अरण्ड, कोरबा)<br>पतोरिया (हसदेव अरण्ड, कोरबा) | 23 सितम्बर 2004 | छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड, रायपुर |
| 3. | कोलब्लाक-तलाईपाली | 25 जनवरी, 2006 | मेसर्स नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, नई-दिल्ली. |
| 4. | परसा कोल ब्लाक (हसदेव अरण्ड, कोरबा) | 02 अगस्त 2006 | छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड, रायपुर |
| 5. | गारेपेलमा-I | 02 अगस्त, 2006 | छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर. |
| 6. | गारेपेलमा-II | 02 अगस्त, 2006 | तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एवं महाराष्ट्र स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड. |
| 7. | मोरगा-I | 02 अगस्त, 2006 | मध्यप्रदेश स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड |
| 8. | मोरगा-II | 20 अगस्त, 2006 | गुजरात मिनरल्स डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन |
| 9. | परसा (ईस्ट) एवं कांटेबासन | 19 जून, 2007 | राजस्थान स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड, जयपुर |
| 10. | शंकरपुर (भटगांव-II) | 25 जुलाई, 2007 | छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर. |
| 11. | सोंढिया | 25 जुलाई 2007 | छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर. |
| 12. | दुर्गापुर-II एवं तराईमार | 06 नवम्बर, 2007 | मेसर्स भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) |

प्रपत्र "ब"

**छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पश्चात् दिनांक 12-02-2008 तक भारत सरकार, कोयला मंत्रालय द्वारा निजी उद्योग ( कंपनी ) को राज्य के आवंटित कोल ब्लाक्स की जानकारी**

| स. क्र. | कोल ब्लाक का नाम | कोयला मंत्रालय के आवंटन आदेश का दिनांक | भारत सरकार कोयला मंत्रालय द्वारा जिस उद्योग (कम्पनी) को कोल ब्लाक आवंटित किया गया, का नाम |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | चोटिया ब्लाक नं. 1 एवं 2 | 04 सितम्बर, 2003 | मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिलासपुर |
| 2. | पंचबाहिनी कोल ब्लाक | 06 सितम्बर, 2005 | मेसर्स राधे इण्डस्ट्रीज लिमिटेड |
| 3. | गारे पेलमा IV/6 | 13 जनवरी, 2006 | 1. मेसर्स जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड<br>2. मेसर्स नालवा स्पांज आयरन लिमिटेड |
| 4. | गारे पेलमा IV/8 | 13 जनवरी, 2006 | मेसर्स जायसवाल्स निको लिमिटेड |
| 5. | मदनपुर (नार्थ) | 13 जनवरी, 2006 | 1. मेसर्स, अल्ट्राटेक, रायपुर<br>2. मेसर्स सिंघल इन्टरप्राइजेस लिमिटेड, रायपुर<br>3. मेसर्स नवभारत कोलफील्ड, लिमिटेड, रायपुर<br>4. मेसर्स वंदना एनर्जी एंड स्टील प्रायवेट लिमिटेड, रायपुर.<br>5. मेसर्स प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, नई दिल्ली<br>6. मेसर्स अंजनी स्टील प्रायवेट लिमिटेड, इलाहाबाद<br>7. कन्सोरियम ऑफ<br>(i) मेसर्स इस्पात गोदावरी लिमिटेड<br>(ii) मेसर्स वंदना ग्लोबल लिमिटेड<br>(iii) मेसर्स इण्ड सिनर्जी लिमिटेड<br>(iv) मेसर्स बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड<br>(v) मेसर्स नाकोड़ा इस्पात लिमिटेड, रायपुर<br>8. मेसर्स सनफ्लेग आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली. |
| 6. | मदनपुर (साउथ) | 13 जनवरी, 2006 | 1. मेसर्स हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, राजस्थान<br>2. मेसर्स अक्षय इन्वेस्टमेंट प्रायवेट लिमिटेड, रायपुर<br>3. मेसर्स छत्तीसगढ़ स्टील एंड पावर लिमिटेड, रायपुर.<br>4. मेसर्स छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रीसिटी कम्पनी लिमिटेड, मुंबई.<br>5. मेसर्स एम. एस. पी. स्टील एंड पावर लिमिटेड, कोलकाता.<br>6. कन्सोरटियम ऑफ<br>(i) मेसर्स इस्पात गोदावरी लिमिटेड<br>(ii) मेसर्स वंदना ग्लोबल लिमिटेड<br>(iii) मेसर्स इण्ड-एग्रो सिनर्जी लिमिटेड<br>(iv) मेसर्स बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड<br>(v) मेसर्स नाकोड़ा इस्पात लिमिटेड, रायपुर |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 7. | नाकिया-I एवं नाकिया-II | 13 जनवरी, 2006 | 1. मेसर्स इस्पात गोदावरी लिमिटेड<br>2. मेसर्स इण्ड-एग्रो सिनर्जी लिमिटेड<br>3. मेसर्स नाकोड़ा इस्पात लिमिटेड<br>4. मेसर्स वंदना ग्लोबल लिमिटेड<br>5. मेसर्स श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड रायपुर |
| 8. | सयांग | 06 नवम्बर, 2007 | मेसर्स एईएस छत्तीसगढ़ एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड गुड़गांव. |
| 9. | दुर्गापुर-II एवं सरिया | 06 नवम्बर, 2007 | मेसर्स डी. बी. पावर लिमिटेड, भोपाल |
| 10. | फतेहपुर (ईस्ट) | 22 जनवरी, 2008 | मेसर्स जे. एल. डी. यवतमाल एनर्जी लिमिटेड, यवतमाल.<br><br>मेसर्स आर. के. एम. पावरजेम प्रायवेट लिमिटेड, चैन्नई.<br><br>मेसर्स वीसा पावर लिमिटेड, कोलकता<br><br>मेसर्स ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड, नई दिल्ली<br><br>मेसर्स वंदना विद्युत लिमिटेड, रायपुर |
| 11. | फतेहपुर | 06 फरवरी 2008 | मेसर्स एस. के. एस. इस्पात एण्ड पावर लिमिटेड, नई दिल्ली.<br><br>मेसर्स प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, नई दिल्ली |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 1206) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**जशपुर जिले में वर्ष 2005-2006 एवं वर्ष 2006-2007 में विकासखण्डवार रोपित रतनजोत पौध रकबा एवं सुरक्षित पौधों की जानकारी**

| वर्ष | विकासखण्ड | रोपित रतनजोत पौध से आच्छादित भूमि हेक्टेयर में | सुरक्षित पौधों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 2005-2006 | कुनकुरी | 82.2 | 190036 |
| | जशपुर | 60.2 | 130275 |
| | पत्थलगांव | 82.4 | 159038 |
| | बगीचा | 23.2 | 44936 |
| | मनोरा | 4.1 | 5670 |
| | दुलदुला | 6 | 8890 |
| | फरसाबहार | 6 | 8430 |
| | कांसाबेल | 5.2 | 8700 |
| | योग | 269.3 | 5,55,975 |
| 2006-2007 | कुनकुरी | 147.51 | 349260 |
| | जशपुर | 160.4 | 364565 |
| | दुलदुला | 285.56 | 697014 |
| | कांसाबेल | 74.04 | 151270 |
| | बगीचा | 244.706 | 511482 |
| | पत्थलगांव | 521.458 | 1103901 |
| | फरसाबहार | 132.876 | 305916 |
| | मनोरा | 25 | 60275 |
| | योग | 1591.55 | 35,43,683 |
| | महायोग | 1860.85 | 40,99,658 |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 562) के भाग (ख) की जानकारी ]

### पुल-पुलिया एवं स्टॉपडेम के कार्य में सीमेंट क्रय की एजेंसी एवं दर की जानकारी

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | क्रय किये गये सीमेंट एजेंसी का नाम | क्रय किये गये सीमेंट की दर |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | अम्बिकापुर | 1. मेसर्स सज्जन कुमार अग्रवाल, अंबिकापुर | 178.00 |
| | | 2. मेसर्स सुनील कुमार अग्रवाल, अंबिकापुर | 178.00 |
| | | 3. मेसर्स बंसल ट्रेडिंग कार्पोरेशन, अंबिकापुर | 178.00 |
| | | 4. मेसर्स बाबा दुर्गानाथ ट्रेडर्स, अंबिकापुर | 178.00 |
| | | 5. मेसर्स गोयल स्टील, अंबिकापुर | 178.00 |
| | | 6. मेसर्स सेंचुरी सीमेंट बैकुण्ठ, रायपुर | 178.00 |
| 2. | सूरजपुर | 1. मेसर्स गोयल स्टील, अंबिकापुर | 192.00 |
| | | 2. मेसर्स अग्रवाल इंटरप्राइजेस प्रतापपुर | 192.00 |
| | | 3. मेसर्स सज्जन कुमार एण्ड संस अंबिकापुर | 192.00 |
| | | 4. मेसर्स बाबा दुर्गानाथ ट्रेडर्स, अंबिकापुर | 192.00 |
| | | 5. मेसर्स सज्जन एजेंसी सूरजपुर | 177.00 |
| | | 6. मेसर्स प्रेम हार्डवेयर, सूरजपुर | 177.00 |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 1819) के भाग (ख) की जानकारी ]

**विधान सभा क्षेत्र बालोद के अंतर्गत ऐसे केन्द्र जहां स्वयं के आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत नहीं है**

| क्र. | स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | क्र. | आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | **विकासखण्ड का नाम-बालोद** | | | |
| 1. | परसोदा | परसोदा | 29. | लिमोरा 2 | लिमोरा |
| 2. | गोड़माल | मुल्लेगुड़ा | 30. | भें./नवागांव 2 | भें./नवागांव 3 |
| 3. | पड़कीभाठ | पड़कीभाट | 31. | मटिया (पी) | बोड़की |
| 4. | देवरतराई | शिवनी | 32. | झलमला 2 | झलमला |
| 5. | जुंगेरा | जुंगेरा | 33. | करहीभदर 2 | करहीभदर |
| 6. | मालगांव | मालगांव | 34. | वार्ड नं. 1 | नगर पालिका बालोद |
| 7. | रेवती नवागांव | कोहंगाटोला | 35. | वार्ड नं. 2 | नगर पालिका बालोद |
| 8. | भुमका | भुमका | 36. | वार्ड नं. 3 | नगर पालिका बालोद |
| 9. | खपरी | खपरी | 37. | वार्ड नं. 4 | नगर पालिका बालोद |
| 10. | बघमरा 2 | बघमरा | 38. | वार्ड नं. 5 | नगर पालिका बालोद |
| 11. | पेंगुड़ा | बघमरा | 39. | वार्ड नं. 6 | नगर पालिका बालोद |
| 12. | खरभुली | भोथली | 40. | वार्ड नं. 7 | नगर पालिका बालोद |
| 13. | मुन्दरा | सांकरा | 41. | वार्ड नं. 8 | नगर पालिका बालोद |
| 14. | रानीतराई | जुंगेरा | 42. | वार्ड नं. 9 | नगर पालिका बालोद |
| 15. | अमलीडीह | खेरथाडीह | 43. | वार्ड नं. 10 | नगर पालिका बालोद |
| 16. | तरौद 2 | तरौद | 44. | वार्ड नं. 11 | नगर पालिका बालोद |
| 17. | जगन्नाथपुर 2 | जगन्नाथपुर | 45. | वार्ड नं. 12 | नगर पालिका बालोद |
| 18. | हीरापुर 2 | हीरापुर | 46. | वार्ड नं. 13 | नगर पालिका बालोद |
| 19. | औराभाठा | शिवनी | 47. | वार्ड नं. 14 | नगर पालिका बालोद |
| 20. | साल्हेटोला | मटिया (बी) | 48. | वार्ड नं. 15 | नगर पालिका बालोद |
| 21. | परमपुर | नर्रा | 49. | वार्ड नं. 16 | नगर पालिका बालोद |
| 22. | तालगांव | देवारभाट | 50. | वार्ड नं. 17 | नगर पालिका बालोद |
| 23. | मड़वापथरा | मालगांव | 51. | वार्ड नं. 18 | नगर पालिका बालोद |
| 24. | मुल्लेगुड़ा 2 | मुल्लेगुड़ा | | | |
| 25. | लाटाबोड़ 2 | लाटाबोड़ | | | |
| 26. | चरोटा | उमरादाह | | | |
| 27. | परसाही | भोइनापार | | | |
| 28. | पीपरछेड़ी 2 | पीपरछेड़ी | | | |
| | | | | **योग - 51** | |

**विकासखण्ड का नाम - गुरूर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुरूर-1 | नगर पंचायत गुरूर | 45. | कंवर - 3 | कंवर |
| 2. | गुरूर-2 | नगर पंचायत गुरूर | 46. | कंवर - 4 | कंवर |
| 3. | हितेकसा | हितेकसा | 47. | परसुली | परसुली |
| 4. | नगझर | हितेकसा | 48. | भिरई-2 | भिरई |
| 5. | चूलहापथरा | कन्हारपुरी | 49. | पेंडरवानी-2 | पेंडरवानी |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | मुड़गहन | मुड़गहन | 50. | पेंडरवानी-3 | पेंडरवानी |
| 7. | साल्हेभाट | मुड़गहन | 51. | सांगली-2 | सांगली |
| 8. | मोखा-1 | मोखा | 52. | अरमरीकला - 2 | अरमरीकला |
| 9. | मोखा-2 | मोखा | 53. | अरमरीकला-3 | अरमरीकला |
| 10. | दरगहन | दरगहन | 54. | अरमरीकला-4 | अरमरीकला |
| 11. | दानीटोला | दरगहन | 55. | जेवरतला-1 | जेवरतला |
| 12. | डोकला | दरगहन | 56. | जेवरतला-2 | जेवरतला |
| 13. | खैरडिगी | मुड़गहन | 57. | मोहारा-1 | मोहारा |
| 14. | बोरतरा | बोरतरा | 58. | मोहारा-1 | मोहारा |
| 15. | टेंगना बरपारा-1 | टेंगना बरपारा | 59. | कोसागोंदी-2 | कोसागोंदी |
| 16. | टेंगना बरपारा-2 | टेंगना बरपारा | 60. | सनौद-2 | सनौद |
| 17. | तार्री-2 | तार्री | 61. | धनेली-2 | धनेली |
| 18. | भानापुरी | भानापुरी | 62. | बोडरा-2 | बोडरा |
| 19. | पुरूर-2 | मिर्रीटोला | 63. | डढारी-2 | डढारी |
| 20. | पुरूर-3 | मिर्रीटोला | 64. | बासीन-2 | बासीन |
| 21. | चिटौद-2 | चिटौद | 65. | भोथली-2 | भोथली |
| 22. | चिटौद-3 | चिटौद | 66. | सुर्रा-2 | सुर्रा |
| 23. | चन्दनबिरही-2 | चन्दनबिरही | 67. | भानपुरी-2 | भानपुरी |
| 24. | बागतराई-2 | बागतराई | 68. | रमतरा-2 | रमतरा |
| 25. | कुम्हारखान | आनंदपुर | 69. | तितुरगहन | तितुरगहन |
| 26. | फागुन्दाह-2 | फागुन्दाह | 70. | भूलनडबरी | भूलनडबरी |
| 27. | उसरवारा-2 | उसरवारा | 71. | सोरर-2 | सोरर |
| 28. | मुड़खुसरा | मिर्रीटोला | 72. | सोरर-3 | सोरर |
| 29. | कुलिया-2 | कुलिया | 73. | बगदई | बगदई |
| 30. | कुलिया-3 | कुलिया | 74. | भरदा | भरदा |
| 31. | कनेरी-3 | कनेरी | 75. | बड़भूम | बड़भूम |
| 32. | पेरपार-2 | पेरपार | 75. | नारागांव-2 (किनारगों) | नारागांव |
| 33. | नवागांव | भेजा मैदानी | 77. | सोहपुर-1 | सोहपुर |
| 34. | मुजालगोंदी | कोचवाही | 78. | सोहपुर-2 | सोहपुर |
| 35. | करौंझर | करौंझर | 79. | भेजा जंगली | बड़भूम |
| 36. | पलारी-1 | पलारी | 80. | पेटेचुवा | बड़भूम |
| 37. | पलारी-2 | पलारी | 81. | दर्रा-1 | दर्रा |
| 38. | पलारी-3 | पलारी | 82. | दर्रा-2 | दर्रा |
| 39. | डोटोपार-2 | डोटोपार | 83. | दियाबाती | दर्रा |
| 40. | अरकार-1 | अरकार | 84. | खुदनी-2 | खुदनी |
| 41. | अरकार-2 | अरकार | 85. | खोरदो | अकलवारा |
| 42. | अरकार-3 | अरकार | 86. | दुपचेरा-2 | दुपचेरा |
| 43. | अरकार-4 | अरकार | 87. | खर्रा-1 | खर्रा |
| 44. | कंवर-2 | कंवर | 88. | खर्रा-2 | खर्रा |
| | | | | योग | 88 |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्र. 1406) के भाग (घ) की जानकारी ]

| क्र. | हितग्राही श्रेणी | पूरक पोषण आहार का प्रदाय किस प्रकार किया जाता है | प्रति हितग्राही प्रतिदिन के मान से वितरित किए जाने वाले पोषण आहार का विवरण |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | 3 वर्ष से 6 वर्ष आयु के सामान्य बच्चे. | आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन दिया जाता है. | चावल 70 ग्राम, गुड़ 10 ग्राम, प्रोसेस्ड सोया 10 ग्राम, मिक्स दाल 15 ग्राम, तेल मसाले सहित तैयार मिक्स सब्जी 20 ग्राम. |
| 2. | 3 वर्ष से 6 वर्ष आयु के गंभीर कुपोषित बच्चे. | आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन दिया जाता है. | चावल 140 ग्राम, गुड़ 10 ग्राम, प्रोसेस्ड सोया 10 ग्राम, मिक्स दाल 20 ग्राम, तेल मसाले सहित तैयार मिक्स सब्जी 20 ग्राम. |
| 3. | 6 माह से 3 वर्ष आयु के सामान्य बच्चे. | सप्ताह में एक दिन टेक होम राशन पद्धति से पूरक पोषण आहार प्रदाय किया जाता है. | चावल 100 ग्राम, गुड़ 10 ग्राम, मिक्स दाल 20 ग्राम, प्रोसेस्ड सोयाबीन 10 ग्राम. |
| 4. | 6 माह से 3 वर्ष आयु के गंभीर कुपोषित बच्चे. | सप्ताह में एक दिन टेक होम राशन पद्धति से पूरक पोषण आहार प्रदाय किया जाता है. | चावल 140 ग्राम, गुड़ 10 ग्राम, मिक्स दाल 30 ग्राम, प्रोसेस्ड सोयाबीन 15 ग्राम. |

परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 402) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

1. विभागीय अनुदान नियमावली 2005 में निर्धारित गतिविधियों के लिये पात्रता अनुसार कार्य दिये जाने का प्रावधान है.

2. सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विकासखण्ड तथा बस्तर जिले के ओरछा विकासखण्ड में एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना का संचालन स्वयं-सेवी संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है.

3. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन.

4. छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना अंतर्गत अशासकीय संस्थाओं के माध्यम से ऋण दिये जाने का प्रावधान है.

5. स्वयंसिद्धा योजना अंतर्गत दुर्ग जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड में जिला साक्षरता समिति दुर्ग को परियोजना क्रियान्वयन का कार्य दिया गया है.

प्रपत्र "ब"

**दुर्ग जिले में अशासकीय संस्थाओं को वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में प्रदान की गयी अनुदान राशि की जानकारी**
**( 31-01-2008 की स्थिति में )**

| क्र. (1) | संस्था का नाम (2) | वर्ष (3) | प्रदाय राशि (4) | संचालित गतिविधि (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नारी जागरण समिति, कैलाश नगर दुर्ग. | 2006-07 | 12500.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 2. | शक्ति शालिनी महिला सेवा समिति, न्यू खुर्सीपार, भिलाई. | 2006-07 | 12500.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 3. | नई किरण महिला एवं बाल विकास समिति, भिलाई. | 2006-07 | 12500.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 4. | श्री तुलसी मानस महिला मंडल, भिलाई-3. | 2006-07 | 12500.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 5. | नया सबेरा महिला मंडल न्यू खुर्सीपार, भिलाई. | 2006-07 | 10000.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 6. | महिला मंडल रिसाली ग्राम-रिसाली, भिलाई. | 2006-07 | 12500.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 7. | मंदाकिनी महिला मंडल ग्राम-फागुन्दाह, गुरूर. | 2006-07 | 12500.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 8. | बेरोजगार महिला सेवा समिति, भिलाई | 2006-07 | 12500.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 9. | जय प्रज्ञा महिला मंडल, कैम्प-2, इंदिरा नगर, भिलाई. | 2006-07 | 12500.00 | बालवाड़ी संचालन हेतु |
| | | 2007-08 | निरंक | |
| 10. | जिला साक्षरता समिति, दुर्ग | 2006-07 | 306020.00 | महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम (स्वयं-सिद्धा) |
| | | 2007-08 | 415850.00 *(जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराई गई राशि) | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 11. | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र, दुर्ग | 2006-07 | **321097.00 | आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु |
| | (छत्तीसगढ़ बाल कल्याण परिषद् द्वारा संचालित) | 2007-08 | 934349 | |

* वर्ष 2007-08 में गुण्डरदेही परियोजना में स्वयं-सिद्धा योजना के संचालन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्ग को राशि रुपये 415850.00 उपलब्ध करायी गयी है. उपरोक्त राशि जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिला साक्षरता समिति को प्रदान की जाने की कार्यवाही प्रचलन में है.

** वर्ष 2006-07 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र सिकोलाभांठा, दुर्ग को उपलब्ध कराई गई राशि रुपये 321097.00 में से राशि रुपये 24297.00 वर्ष 2005-06 के लिये प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा अनर्चित राशि है जिसका भुगतान वर्ष 2006-07 में किया गया.

परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 536) की जानकारी ]

**कोरबा जिले में पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष अंतर्गत दिनांक 31-01-2008 तक कार्यों में किये गये व्यय का विवरण**

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत संख्या | प्रशासकीय स्वीकृति | व्यय राशि |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | आंगनबाड़ी भवन | 285 | 496.75 | 383.14 |
| 2. | पंचायत संसाधन केन्द्र | 2 | 20.00 | 13.11 |
| 3. | उप स्वास्थ्य केन्द्र | 40 | 280.00 | 0.00 |
| 4. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र | 9 | 153.00 | 0.00 |
| 5. | आयुर्वेदिक औषधालय | 3 | 24.00 | 0.00 |
| 6. | लायज़ प्रशिक्षण | 1 | 20.00 | 2.00 |
| 7. | कम्प्यूटर प्रशिक्षण/वेबसाईट | 0 | 6.00 | 0.00 |
| | योग | 340.00 | 1001.75 | 416.25 |

## परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 88) के भाग (क) की जानकारी ]

### बिल्हा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2005-06 से वर्ष 2007-08 तक स्वीकृत सड़कों की सूची

| स. क्र. (1) | सड़क का नाम (2) |
|---|---|
| 1. | बिलासपुर, तखतपुर मुख्य सड़क से बिनौरी |
| 2. | काठाकोनी से मुड़पार सड़क से सांवाताल |
| 3. | काठाकोनी मेड़पार रोड से विंध्यासार |
| 4. | धमनी से तेलसरा |
| 5. | पासीद से मंगला (पी) |
| 6. | निपनिया से पेण्डरवा सम्बलपुरी |
| 7. | बिल्हा दगौरी से गोढ़ी |
| 8. | बिल्हा से गुड़ीधार |
| 9. | TO 8 से बोड़सरा |
| 10. | बिलासपुर से बदरा |
| 11. | मुरू से खरकेना |

## परिशिष्ट "ग्यारह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 1310) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र की स्वीकृत सड़कों की जानकारी

| क्र. | कार्य का नाम | लंबाई (कि. मी. में) | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | पूर्ण/अपूर्ण | अपूर्ण सड़कों को पूर्ण करने की संभावित तिथि | रिमार्क (कार्य पूर्ण दिनांक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | एन. एच. 16 से कुम्हारपारा | 7.00 | 220.74 | अपूर्ण | 25-03-08 | |
| 2. | एन. एच. 16 से बेट्टीपारा | 3.25 | 80.40 | अपूर्ण | 25-06-08 | |
| 3. | एन. एच. 16 से बान्धापारा | 11.50 | 269.46 | अपूर्ण | 25-06-08 | |
| 4. | बारसूर रोड किमी. 16.00 से पटेलपारा कदरेंगा. | 1.00 | 9.84 | पूर्ण | - | 15-05-06 |
| 5. | बाजारपारा बड़ेधाराउर से छेपड़ागुड़ा | 2.80 | 34.47 | पूर्ण | - | 31-05-06 |
| 6. | पटवारीपारा मारडुम से देवपारा | 3.00 | 37.99 | पूर्ण | - | 15-05-06 |
| 7. | पटवारीपारा मारडुम से पटेलपारा (कलुरपारा). | 3.00 | 37.98 | पूर्ण | - | 15-05-06 |
| 8. | छिन्दगुड़ा बड़ांजी से डेंगपारा बेलर | 4.65 | 72.52 | पूर्ण | - | 31-05-06 |
| 9. | बारसूर रोड आर. डी. 20 किमी. से मुण्डीगुड़ापारा भेजा. | 15.65 | 442.42 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 10. | पानीग्राहीपारा बिंता से माहारापारा करेकोट | 2.30 | 88.32 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 11. | माहारापारा करेकोट से माहारापारा सतसपुर | 1.10 | 35.61 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 12. | माहारापारा 136 सतसपुर से पटेलपारा मुलेंगा. | 3.25 | 96.85 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 13. | छिन्दगुड़ा बड़ांजी से बिहापारा कुम्हली | 4.60 | 109.04 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 14. | कोदेबेड़ा से टराईगुड़ा | 1.95 | 52.37 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 15. | उसरीबेड़ा बारसूर आ. डी. 20 किमी. से इकतागुड़ापारा कोदेर. | 4.00 | 118.14 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 16. | मुण्डीगुड़ा से कुम्हारपारा साडरा | 10.00 | 270.43 | अपूर्ण | 25-03-08 | |
| 17. | डेंगपारा से पुजारीपारा बापनपाल | 3.60 | 165.80 | अपूर्ण | 25-03-08 | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18. | चारसूर रोड से पटेलपारा कुथर | 4.53 | 121.00 | अपूर्ण | 25-06-08 | |
| 19. | छिन्दगुड़ा बड़ाजी से सलफोपदर बड़ाजी | 1.60 | 42.33 | अपूर्ण | 25-03-08 | |
| 20. | उसरीबेड़ा से मुण्डीगुड़ा | 0.95 | 30.14 | अपूर्ण | 25-03-08 | |
| 21. | चित्रकोट रोड आर. डी. 28 किमी. से डोंगपारा धुरागांव. | 1.30 | 39.50 | अपूर्ण | 25-03-08 | |
| 22. | एन. एच. 16 बोडापारा रोड 1.80 किमी. से गडियापारा (बड़ेकिलेपाल). | 3.50 | 190.12 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 23. | एन. एच. 16 बोडापारा रोड 8.00 किमी. से कोलापारा (कुम्हारसाडरा). | 2.66 | 176.94 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 24. | एन. एच. 16 बोडापारा रोड 4.45 किमी. से लखमापारा (कोडेनार). | 2.81 | 123.60 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| 25. | पलनार पटेलपारा पलनार रोड आर. डी. 4.60 किमी. से बीजापारा. | 4.00 | 197.67 | अपूर्ण | 15-06-08 | |
| | योग | 104-00 | 3063.68 | | | |

परिशिष्ट "बारह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 943) की जानकारी ]

**जिला-दुर्ग में जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित वाटरशेड परियोजनाओं की जानकारी**

(राशि रु. लाख में)

| क्र. | विकासखण्ड | कार्यक्रम का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना स्वीकृति | | कार्य प्रारंभ तिथि | कार्य पूर्णता की स्थिति | | लागत (अब तक का व्यय) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष | राशि | | पूर्ण/अपूर्ण | प्रस्तावित वर्ष | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 1. | डौंडी | डी. पी. ए. पी. | किरियाकसा नाला | 2000-01 | 191.62 | 02-08-02 | अपूर्ण | 2007-08 (संशोधित 2008-09) | 244.27 | 15 प्रतिशत कार्य शेष है, जिसके लिए राशि की मांग केन्द्र शासन से करते हुए एक वर्ष की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है. |
| | | | तुमड़ीसुर नाला | 2001-02 | 120.00 | 12-02-03 | अपूर्ण | 2007-08 (संशोधित 2008-09) | 91.48 | 25 प्रतिशत कार्य शेष है, जिसके लिए शेष किश्त राशि की मांग केन्द्र शासन से करते हुए एक वर्ष की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है. |
| | | | हेताड़ नाला | 2002-03 | 120.00 | 03-02-03 | अपूर्ण | 2008-09 | 54.03 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | अंदोहा नाला | 2003-04 | 120.00 | 10-02-04 | अपूर्ण | 2009-10 | 52.38 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | दिगवाड़ी नाला | 2004-05 | 120.00 | 28-02-05 | अपूर्ण | 2009-10 | 53.47 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | सूखा नाला | 2005-06 | 150.00 | 22-02-06 | अपूर्ण | 2010-11 | 23.78 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | तांदुला नाला | 2006-07 | 180.00 | 27-11-07 | अपूर्ण | 2010-11 | 21.00 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | नवागढ़ | डी. पी. ए. पी. | टेंगना नाला | 2000-01 | 318.30 | 02-08-02 | अपूर्ण | 2007-08 (संशोधित 2008-09) | 180.98 | 15 प्रतिशत कार्य शेष है, जिसके लिए राशि की मांग केन्द्र शासन से करते हुए एक वर्ष की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है. |
| | | | घोघरा नाला | 2001-02 | 120.00 | 12-02-03 | अपूर्ण | 2007-08 (संशोधित 2008-09) | 88.40 | 25 प्रतिशत कार्य शेष है, जिसके लिए शेष किश्त राशि की मांग केन्द्र शासन से करते हुए एक वर्ष की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है. |
| | | | घोरहा नाला | 2002-03 | 120.00 | 03-02-03 | अपूर्ण | 2008-09 | 53.94 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | सोनारी नाला | 2003-04 | 120.00 | 10-02-04 | अपूर्ण | 2009-10 | 54.97 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | कांपा नाला | 2004-05 | 120.00 | 28-02-05 | अपूर्ण | 2009-10 | 54.40 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | मोहरंगिया नाला | 2005-06 | 150.00 | 22-02-06 | अपूर्ण | 2010-11 | 21.52 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | कांपा नाला लोवर | 2006-07 | 150.00 | 27-11-07 | अपूर्ण | 2010-11 | 23.00 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| 3. | पाटन | आई. डब्लू. डी. पी. | गुजरानाला अपर | 2000-01 | 385.51 | 16-10-02 | अपूर्ण | 2007-08 (संशोधित 2008-09) | 292.87 | 10 प्रतिशत कार्य शेष है, जिसके लिए शेष किश्त राशि की मांग केन्द्र शासन से करते हुए एक वर्ष की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है. |
| | | | गुजरानाला लोवर | 2000-01 | 341.81 | 16-10-02 | अपूर्ण | 2007-08 (संशोधित 2008-09) | 359.33 | |
| | | | तुलसी नाला | 2003-04 | 300.00 | 24-12-03 | अपूर्ण | 2008-09 | 225.20 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | गुरूर | आई. डब्लू. डी. पी. | देवरानी जेठानी नाला | 2005-06 | 280.32 | 22-02-06 | अपूर्ण | 2010-11 | 120.93 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| 5. | साजा | आई. डब्लू. डी. पी. | गबदी नाला | 2005-06 | 299.61 | 23-02-07 | अपूर्ण | 2010-11 | 132.06 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| 6. | गुण्डरदेही | आई. डब्लू. डी. पी. | गबदी नाला | 2005-06 | 300.00 | 31-10-06 | अपूर्ण | 2010-11 | 104.37 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| 7. | दुर्ग | आई. डब्लू. डी. पी. | खपरी नाला | 2005-06 | 300.00 | 11-08-06 | अपूर्ण | 2010-11 | 111.61 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| 8. | बेरला | आई. डब्लू. डी. पी. | हरदी नाला | 2006-07 | 299.40 | 30-03-07 | अपूर्ण | 2011-12 | 35.66 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| 9. | धमधा | आई. डब्लू. डी. पी. | हिगना नाला | 2006-07 | 217.20 | - | अपूर्ण | 2011-12 | 3.00 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| 10. | बालोद | आई. डब्लू. डी. पी. | झुझारा नाला | 2006-07 | 268.61 | 30-03-07 | अपूर्ण | 2011-12 | 37.21 | परियोजना कार्य प्रगति पर है. |
| | | | | **योग** | **5092.38** | | | | **2439.86** | |

## परिशिष्ट "तेरह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 1575) के भाग (ग) की जानकारी ]

**दिनांक 14-02-2008 तक की स्थिति में याचिकाकर्त्ता मेसर्स जायसवाल्स निको लिमिटेड के पक्ष में खनिज लौह अयस्क के अनुशंसित/अनुमोदित/स्वीकृत खनिज रियायतों की जानकारी**

| क्रमांक (1) | जिला, वनमण्डल, वनरेंज एवं ग्राम का नाम (2) | वनकक्ष क्रमांक (3) | रकबा (हेक्टर में) (4) | सम्भावित भण्डार (मिलियन टन में) (5) | अनुबंध निष्पादन का दिनांक (6) | खनिज रियायत स्वीकृति/अनुमोदित की अद्यतन स्थिति (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **स्वीकृत खनिपट्टा** | | | |
| 1. | जिला कांकेर, ग्राम मेटाबोदली | 427 (भाग) | 25.00 | 15.60 | 07-01-2002 | खनिपट्टा दिनांक 07-01-2002 से 06-01-2032 तक 30 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत. |
| 2. | जिला नारायणपुर, (बस्तर) ग्राम छोटेडोंगर | 255 से 265 | 192.250 | 37.00 | 21-06-2005 | खनिपट्टा 30 वर्ष के लिए दिनांक 21-06-2005 से 20-06-2035 तक स्वीकृत. |
| | | | **अनुशंसित/अनुमोदित खनिपट्टा** | | | |
| 1. | जिला राजनांदगांव, ग्राम बोरियातिब्बू | 883 (पुराना 534)<br>885 (पुराना 536) | 47.00 | 2.03 | अभी स्वीकृत नहीं है. | कंपनी को पत्र दिनांक 08-07-2003 द्वारा वनसंरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत आवश्यक अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है. |
| 2. | जिला कांकेर, ग्राम मेटाबोदली | 426, 427 | 50.000 | 14.52 | तदैव | वन विभाग से आवेदित क्षेत्र का प्रमाणित नक्शा प्राप्त कर प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है. |
| 3. | जिला कांकेर, ग्राम परवसपुर | 274 (पी) एवं ख. क्र. 399/218/4, 399/218/6 | 9.50<br>4.90<br>14.40 | 1.24 | तदैव | समधा निर्णय के परिप्रेक्ष्य में अधिसूचित क्षेत्र में खनिज रियायत को स्वीकृति हेतु सचिव स्तरीय एवं मंत्रिमंडलीय समिति का अभिमत प्राप्त करने हेतु कार्यवाही की जानी है. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **अनुशंसित/अनुमोदित पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति** | | | |
| 1. | जिला राजनांदगांव, ग्राम देवपुरा-बांसविरा | पी-49 (पुराना 251) | 76.00 | पूर्वेक्षण कार्योपरान्त भण्डार की जानकारी प्राप्त होगी. | अभी स्वीकृत नहीं है. | कंपनी को विभाग के पत्र दिनांक 07-02-2008 द्वारा वनसंरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है. |
| 2. | जिला कांकेर, ग्राम पिटहुरडोंगर | 372 एवं 373 | 150.00 | तदैव | तदैव | आवेदित क्षेत्र में अन्य आवेदकों के आवेदन लंबित होने आदि को लेकर प्रकरण में भारत सरकार, खान मंत्रालय से मार्गदर्शन चाहा गया है. |
| 3. | जिला कांकेर, ग्राम बाराहुरडोंगर | 374, 375, 377, 378, 381, 390, 391 एवं 392 | 450.00 | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4. | जिला कांकेर, ग्राम सोनदई | 350 (पी) एवं 353 (पी) | 250.00 | तदैव | तदैव | आवेदित क्षेत्र में जी. एस. आई. के प्रतिवेदन के आधार पर स्वर्ण धातु के संकेत होने के कारण लौह अयस्क की पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति स्वीकृत किये जाने के संबंध में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, कोलकाता से अभिमत प्राप्त किये जाने हेतु लेख किया गया है. |